प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थ है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, चोंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 13 | प्रधान संपादक - राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 08 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... | पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

09 सितंबर से भव्य रामकथा का आयोजन, व्यापक व्यवस्थाओं को दिया जा रहा हैं अंतिम रूप

पत्रकार वार्ता में सिवनी विधायक ने कार्यक्रम से संबंधित और व्यवस्थाओं की जानकारी दी

सिवनी यशोः-आगामी 09 सितंबर से 17 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे शाम 07 बजे नगर के पालीटेक्निक ग्राउंड में भगवान श्रीराम की कथा का भव्य आयोजन करने का मुझे पूज्य जगद्गूरू रामानंदचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी की असीम कृपा से प्राप्त हुआ है । यह कथा पूरी गरिमा के साथ ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की जि मेदरी सभी को निभाना है आप सभी से भी इस धार्मिक आयोजन में सहयोग अपेक्षित है । यह बात सिवनी दिनेश राय मुनमुन ने श्री राम कथा आयोजन स्थल पर आमंत्रित पत्रकारवार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुये श्री राम कथा के संबंध चल रही तैयारियों की जानकारी देते हुये कही। श्री राय ने बताया कि 09 सितंबर को 11000 महिलाएँ कलश धारण कर मठ मंदिर से कथा पंडाल तक विशाल कलश यात्रा में शामिल होगी और इसके पश्चात प्रतिदिन स्वामी रामभद्राचार्य जी के श्रीमुख से श्रीराम कथा का पवित्र प्रवाह होगा । संभव है बागेश्वर धाम के प्रमुख पुजारी विश्व वि यात पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज श्री के आदेश पर यहाँ पहुँच सकते है और सिवनी जिलेवासियों को उनका आशीर्वाद भी प्राप्त हो सकता है ।

श्रीराम कथा आयोजन पर पत्रकारों से चर्चा के पूर्व आयोजन स्थल पर विद्वान आचार्यों द्वारा धर्म ध्वज स्थापना का कार्यक्रम संपन्न कराया गया और श्रीराम कथा प्रारंभ होने का शंखनाद किया गया । इसके पश्चात आयोजन स्थल पर कथा आयोजक सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने श्रीराम कथा आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी पत्रकारों को दी । श्री राय ने बताया कि विश्व वि यात धर्म शास्त्रों के मर्मज्ञ पूज्य रामानंदचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी से उन्होंने कुछ दिनों पूर्व सिवनी नगर में श्रीराम कथा करने का आग्रह किया था, उन्हें अनुमान था यह आयोजन 2024 में होगा परंतु अचानक पूज्य जगद्गूरू स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज ने मुझे आदेश दिया कि वह सिवनी श्रीराम कथा करने के लिये 09 सितंबर से 17 सितंबर तक सिवनी में श्रीराम कथा करेंगे । पूज्य महाराज जी के आदेश के अनुसार तैयारियाँ प्रारंभ की गयी है और इतने बड़े धर्माचार्य के द्वारा श्रीराम कथा के आयोजन का मुझे जो अवसर मिला वह मेरे लिये सौभाग्य का विषय है ।

निश्चित तौर पर महाराज श्री के आगमन की जानकारी से पूरे जिले सहित आस पड़ोस के जिले वासी भी हर्षित है और श्रीराम कथा के इस आयोजन में धर्मप्रेमीजनों की बड़ी उपस्थिती संभावित है जिसकी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है । श्री राय ने कहा कि श्रीराम कथा के भव्य आयोजन से किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी न हो इसकी हम पूरी चिंता भी कर रहे है । कथा में पहुँचने वाले श्रोताओं की बैठक व्यवस्था वाहनो की पार्किंग व्यवस्था, भोजन आवास सहित सभी प्रकार की व्यवस्थाएँ बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है और आयोजन से संबंधित व्यवस्थाएँ सुचारू रहे इसके लिये सभी का सहयोग और सुझाव स्वागत योग्य रहेगा ।

श्री राय ने पत्रकार साथियों से कहा कि कथा के व्यापक प्रचार प्रसार में आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी आपके माध्यम से कथा आपके सुधि पाठकों तक पहुँचे ऐसी हमारी अपेक्षा है मीडिया को कथा से संबंधित जानकारी और फोटो तथा वीडियो उपलब्ध कराने की व्यवस्था रहेगी । इस कार्यक्रम में हर श्रोता विशिष्ट होगा किसी के लिये विशेष व्यवस्थाएँ उपलब्ध नहीं होगी कथा में पहुँचने वाला हर व्यक्ति विशिष्ट है । बुजुंग जन महिलाओं एवं दिव्यांगों के बैठने के लिये पृथक व्यवस्थाएँ रहेगी । श्री राय ने बताया कि यह कार्यक्रम पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य के साथ आने वाली टीम के निर्देशानुसार संचालित होगा हमारी भूमिका केवल व्यवस्था देने तक सीमित है बहुत पवित्र मंशा से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस में आप सभी के सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा है ।

श्री राम कथा आयोजन हेतु ध्वज स्थापना कार्यक्रम संपन्न

सिवनी यशो :- सिवनी की पावन धरा पर विधायक दिनेश

राय मुनमुन द्वारा नगर के पालीटेंनिक मैदान में आगामी 09 सितंबर से चिरकूट तुलसी पीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के मुखारविंद से पतित पावनी श्रीराम कथा प्रारंभ होने वाली है इस कथा के आयोजन के पूर्व बुधवार 07 सितंबर 2023 को सनातन धर्म शास्त्रीय विधान से ध्वज स्थापना विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गयी । बुधवार को प्रातः 11:00 बजे ध्वज स्थापना कार्यक्रम वैदिक मंत्रों की झंकारयुक्त ध्वनि से प्रारंभ हुआ जिसमें मु य यजमान सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के बहनोई एवं बहन रहे जिन्होंने सनातन धर्म संस्कृति अनुसार पूर्ण विधि विधान से अभिजीत मुहूर्त रोहिणी नक्षत्र मे ठीक प्रातः 11:30 बजे पावन ध्वज स्थापना के वैदिक आचार्यों के माध्यम से की । इस अवसर पर अनेक गणमान्यजन तथा नगर के धर्मप्रेमी उपस्थित रहे ।

यहाँ बता दें कि विश्व प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ राम भद्राचार्य जी महाराज की कथा होना सौभाग्य का विषय है । रामभद्राचार्य जी महाराज आध्यात्मिक गुरु और जन्म से ही सूरदास हैं. ये शिक्षक भी हैं, संस्कृत के विद्वान भी हैं, दार्शनिक, लेखक, संगीतकार, गायक, नाटककार, बहुभाषविद और 80 ग्रंथों के रचयिता भी हैं. हम बात कर रहे हैं धर्म चक्रवर्ती तुलसी पीठाधीश्वर और पद्मविभूषण से स मानित जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी स्वामी महाराज अपने असाधारण कार्यों के लिए जाने जाते हैं. उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया. नेत्रहीन होते हुए भी उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से कई भविष्यवाणियां की जिनमें कई सत्य हुई. इन्हें 22 भाषाओं का ज्ञान है और 80 ग्रंथों की रचना कर चुके हैं. साथ ही ये विश्व का पहला विकलांग विश्वविदयालय भी चला रहे हैं।

ऐसे मानस मर्मज्ञ विद्वान कथाकार के मुखारविंद से रामकथा का पवित्र प्रवाह होने जा रहा है ऐसे सौभाग्यशाली क्षणों में सहभागिता हमारे लिये पुण्य प्रदान करने वाला होगा ।

कहानी पोस्टमास्टर करता है खाता धारी को परेशान

कहानी यशोः= कहानी में स्थित डाकघर कार्यालय में

पदस्थ पोस्टमास्टर भुवन लाल नागेश की कार्य प्रणाली हितग्राही एवं खाता धारी के लिए परेशानी का करण बनी है भारत शासन एवं प्रदेश शासन की विभिन्न योजनाएं की राशियो का आवागमन पोस्ट ऑफिस के ही खातों में अधिकांश रूप से किया जाता है और इसी का नाजायज फायदा पोस्ट मास्टर के द्वारा उठाया जाता है हितग्राहियों एवं खाता धारी से पैसे निकालने के एवज में राशि की मांग की जाती है पैसे नहीं दिए जाने पर विभिन्न प्रकार के बहाने बताकर विड्रॉल को वापस कर दिया जाता है यह आरोप मुंह जुबानी नहीं लगाया जा रहा अनेक हितग्राही एव खाता धारी के द्वारा इसकी शिकायत की गई और नगर कहानी में पोस्ट मास्टर की कार्य प्रणाली भी चर्चा का विषय बनी हुई है आला अधिकारीयो को भी इस पोस्ट मास्टर की कार्य प्रणाली का बखूबी अंदाज है उसके बाद भी जानबूझकर किसी प्रकार की कार्यवाही करने से बचते नजर आ रहे हैं और अधिकारियों को हितग्राही खाता धारी की परेशानी से किसी प्रकार का कोई लेना देना समझ नहीं आ रहा है इस बात की लिखित शिकायत भी की जा चुकी है किंतु एक माह बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई मतलब सीधा और साफ है कि मध्य प्रदेश शासन एवं भारत शासन की योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को प्राप्त होने वाली लाभान्वित राशि पर सीधे-सीधे पोस्टमास्टर डाका डालने की नियत रखता है उसके द्वारा डाकघर कार्यालय में पहुंचने वाले लेनदेनकर्ताओं से भी अभद्रता पूर्वक बात की जाती है जिससे दुखी मन से लेनदेन करता वापस हो जाता है पूर्व में भी प्रभु सद्मन निवासी भेड़ाके द्वारा लिखित शिकायत डाकघर इंस्पे टर सिवनी धन सिंह उइके को की गई थी किंतु किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई और लगातार पोस्टमास्टर के द्वारा वही कार्य प्रणाली आज भी अपनाई जा रही है जिससे लेनदेन कर्ता में काफी रोश देखा जा रहा है और डाकघर कार्यालय में यह गुस्सा कभी भी फूट सकता है

चाकू से हमला कर जान से मारने वाले आरोपी को 10 वर्ष की सजा

सिवनी यशोः- घटना दिनांक 31/10/2022 की है जब मृतक बल्लाम कुशवाहा ग्राम लाटगांव मेला गया था एवं वंहा से 5 बजे के लगभग

वापिस अपने घर ग्राम झिरी लौट आया था । रात्रि 9 बजे के लगभग अभियु ?त सत्रेश कुशवाहा पिता मोहन कुशवाहा उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम जारी, एवं मृतक के मध्य झगडा हुआ एवं उस समय अभियु त मृतक की मोबहन की गंदी-गंदी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा तथा धमकी के साथ सब्जी के साथ सब्जी काटने वाले चाकू को निकालकर मृतक के पेट में मार दिया, जिससे पेट की अतडियां बाहर आ गई। अभियु त चाकू मारकर अपने घर चला गया । झगडे की सूचना मिलने पर मृतक का पुत्र राजेन्द्र तत्?काल वहां आ गया एवं मोहल्?ले के कई लोग एकत्रित हो गये घटना की जानकारी 100 डायल वाहन वालों को दी गई। सूचना प्राप्त होने पर थाना आदेशांव में अपराध क्रं 309/2022 धारा 294,307,302 भादवि में पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरान्त साक्ष्य एवं दस्तावेजों के आधार पर अभियु ?त के द्वारा अपराध कारित किया पाये जाने पर अभियोगपत्र अभियु ?त के विरूद्ध संबंधित माननीय न्यायालय आशुतोष अग्रवाल प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश , लखनादौन में प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अनिल माहोरे द्वारा पैरवी कर तर्क प्रस्तुत किये गये। तर्कों से सहमत होते हुए दिनांक 05/09/2023 को माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय लखनादौन द्वारा आरोपी रमेश कुशवाहा को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्?ड से दण्डित किया गया।।

आष्ठा मंदिर का जीर्णोद्धार करने भूमिपूजन किया डॉ. बिसेन ने

सिवनी। ग्राम आष्ठा में माता महाकाली के मंदिर का पुरातत्व विभाग द्वारा कराये जाने वाले जीर्णोद्धार कार्य का बालाघाट सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के द्वारा किया गया। पुरातात्विक धरोहर को संरक्षित करने के लिए दी गई राशि के लिए डॉ. बिसेन ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री किशनरेड्डी गंगापुरम का अभार व्यक्त किया है।

बताया गया है कि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय ने पुरातात्विक धरोहर के रूप में आष्ठा के मंदिर का जीर्णोद्धार करने के लिए 49 लाख 72 हजार 439 रू. की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से प्रथम चरण में दो मंदिरो का संरक्षण कार्य किया जायेगा जिसमें प्रतिमाओं का अभिलेखीकरण, सफाई और मंदिरो का संरक्षण होगा।

इस कार्य का शुभारंभ करने के लिए पूजन सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने किया है। कार्यक्रम में श्रीमती मीना बिसेन, डॉ. श्याम कुमरे, नरेश बरकड़े, गौरव बिसेन, विवेक बिसेन, राम पटले, विजय राहंगडाले सहित पुरातत्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

पानी, बिजली और अन्य समस्याओं को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

दो पहिया वाहनों से रैली निकालकर केवलारी पहुंचे किसान

सिवनी यशोः- उगली क्षेत्र के किसानों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर दो पहिया वाहन से सैकड़ों किसान रैली के माध्यम से क्षेत्र की विभिन्न समस्याओ को लेकर मु यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उगली पॉवर हाउस जो कि पिछले 40-45 साल से अपग्रेड नहीं हुआ है, जिससे भारी बिजली की कटौती की जा रही है, वोल्टेज की कमी के कारण क्षेत्र के किसान परेशान हैं, और व्यापारी परेशान हैं। अल्प वर्षा होने के कारण फसल तैयार नहीं हो पा रही है, संजय सरोवर बाँध, भीमगढ़, रूमाल जलाशय एवं बरगुर पिकअप नहर से पानी उपलब्ध कराया जाये तथा ज्ञापन में उगली क्षेत्र की नहरों की स्थिति जीर्ण-सीर्ण अवस्था में होने के कारण जलाशय से छोड़ा हुआ पानी 60 फीसदी नदी-नाले में बहकर बर्बाद हो जाता है, और अंतिम छोर के किसान लाभ से वंचित रह जाते हैं, उप तहसील उगली नाम मात्र की है, जहाँ पर स्टॉक उपलब्ध नहीं है। ऐसी अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन में किसानों ने अपनी बात रखी है। ज्ञात होवे कि पूर्व में भी किसानों द्वारा 25 जुलाई को भी ज्ञापन सौंपा गया था, जिसपर कोई कार्यवाही नहीं की गई किसानों ने कहा है, कि यदि समस्याओं के निराकरण पर तत्काल पहल नहीं की गई तो आंदोलन किया जायेगा। इन्ही सब समस्याओ को लेकर छोटा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि द्वारा भी बात रखी गई है, विधानसभा क्षेत्र में बिजली की भारी कटौती से लोग परेशान हैं, वहीं समय पर ट्रांसफॉर्मर नहीं बदले गये हैं, न ही अपडेट किए गए हैं, जिससे लोड की समस्या बनी रहती है। अल्प वर्षा के कारण किसानों की फ़सल सूखती है, ज्ञापन के दौरान उगली क्षेत्र के गाँव-गाँव सैकड़ों किसान एवं आमजन मोटर साईकिल से ज्ञापन सौंपने केवलारी पहुंचे।

भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा जिले में 10 एवं 11 सितंबर को

सिवनी यशोः - केन्द्रीय मंत्री श्री प्रह्लाद पटेल एवं श्री फग्गनसिंह कुलस्ते, उत्तर प्रदेश के उप मु यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य तथा सांसद एवं फिल्म अभिनेता श्री रविकिशन के साथ ही प्रदेश के गृहमंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा एवं सांसद द्रव उदय प्रताप सिंह व राकेश सिंह भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 10 एवं 11 सितंबर को निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से आम जनता से आशीर्वाद लेने सिवनी पहुँच रहे है यह यात्रा जिले की चारों ही विधानसभाओं से गुजरेगी इस दौरान यात्रा में शामिल नेताओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर रथ सभा एवं मंच सभा के माध्यम से आमजनता के बीच अपनी बात रखी जायेगी एवं जन जन से आशीर्वाद लिया जायेगा ।इस आशय की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री आलोक दुबे द्वारा दी गयी ।

इस जन आशीर्वाद यात्रा के जिला संयोजक श्री अजय डागोरिया एवं सह संयोजक श्री प्रदीप राय द्वारा बताया गया कि जन्माष्ठमी के चलते यात्रा की तिथि एवं यात्रा मार्ग में आंशिक परिवर्तन किया गया है । पूर्व में 09 एवं 10 सितंबर की निर्धारित तिथि की जगह अब 10 एवं 11 सितंबर को सिवनी जिले में भ्रमण करेंगी । इस यात्रा को भव्य, विराट , सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे द्वारा यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सभी मंडलों एवं ग्रामों में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।

तिथि में हुआ आंशिक संशोधन पहले 09 एवं 10 सितंबर का था कार्यक्रम

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि 10 सितंबर को यह जन आशीर्वाद यात्रा लखनादौन विधानसभा के ग्राम बंजारी (घूमा) से प्रारंभ होगी जो की घूमा, सनई डोगरी, होते हुए 11:30 बजे लखनादौन पहुंचेगी जहां मंचीय सभा का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात यह यात्रा सिहोर, कहानी, होते हुए दोपहर 1:10 बजे ग्राम थलवनी पहुंचेगी।

केवलारी विधानसभा में यह यात्रा दोपहर 1:15 बजे ग्राम नई पिपलिया से प्रारंभ होते हुये धनेरा पहुंचेगी जहां रथ सभा का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात ग्राम साजपानी, भसूडा पिपरिया मुंगवानी, महुआ टोला, मोहगांव, कोराडी, महागवां, वेशपाट, चिचिघरा, नागा बाबा, मैना पिपरिया, कुचीवाडा, खापा बाजार होते हुए पलारी पहुंचेगी जहां रथ सभा का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात यह यात्रा डुंडासिवनी होते हुए कान्हीवाड़ा पहुंचेगी यहाँ भी रथ सभा का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात यह यात्रा ग्राम बहनी होते हुए डूमूटी पहुंचेगी।

इस यात्रा के सिवनी विधानसभा के प्रभारी दीपक नगपुरे, राहुल सिवहरे एवं अजय बाबा पांडे द्वारा जानकारी दी गई कि, यह यात्रा सिवनी विधानसभा के ग्राम जेवनारा से जोगीवाडा होते हुए कतार बांकी पहुंचेगी जहां रथ सभा का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात यह यात्रा भाजीपानी, खमरिया,पौडी, बीसावाडी, कुकलाहा, होते हुये बंडोल पहुँचेगी जहाँ जनदर्शन के पश्चात रात्रि विश्राम होगा तत्पश्चात 11 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे ग्राम बांकी से यह यात्रा पुनः प्रारंभ होगी जो जमुनिया, सागर, चंदौरी, मारबोड़ी बांधी, मुंगवानी,मुंगवानी खुर्द, जैतपुर, जाम कन्हर गांव हथनापुर, मंडवा, किजनपुर, जैतपुर कला, जमुमिया, करैया, मातृधाम, कारीरात, लखनवाड़ा, ब होडी होते हुए दोपहर 2:00 बजे सिवनी नगर प्रवेश करेगी जहाँ नगर भ्रमण करेगी तथा इस दौरान रथ सभा के माध्यम से नेताओं का संबोधन होगा । इस्के पश्चात यह यात्रा गणेश चौक, बरघाट नाका, ढुंढसिवनी, छिंदिया पलारी से होते हुये बरघाट विधानसभा के लिये रवाना होगी ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने बताया कि बरघाट विधानसभा में यह जन आशीर्वाद यात्रा ग्राम मटठा टोला में अपरान्ह 3:30 बजे से प्रारंभ होते हुए ग्राम ब होडी, गिंडरई, बोरी, खुंट होते हुए शाम 4:00 बजे बरघाट पहुंचेगी जहां पर मंचीय सभा का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात यह यात्रा ग्राम जेवनारा, धारना एवं शाम 4:40 बजे बेहरई होते हुए बालाघाट जिले के ओर रवाना हो जाएगी।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

जबरन नॉलेज

भगवान श्री कृष्ण से सीखना वर्तमान की आवश्यकता

सौरभ तामेश्वरी-

अपने ग्रंथो में ईश्वर की महिमा का बताई गई है। यहां बताया गया है कि ईश्वर ने समय-समय पर पृथ्वी पर जन्म लेकर मानव जीवन जिया है। भगवान विष्णु अलग-अलग युगों में जन्म लेकर पृथ्वी पर अवतरित हुए हैं। वे द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण के रूप में आये। श्री कृष्ण के जीवन से सीखने को कई बातें हैं। आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रभु से मिली सीखों को समझते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्म को जन्माष्टमी के रूप में मनाते हैं। इस दिन को गोकुलाष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। श्रावण या भाद्रपद में कृष्ण पक्ष के आठवें दिन (अष्टमी) को मनाया जाता है। भागवत पुराण में भगवान श्रीकृष्ण की जीवन कथा वर्णित है। कथा में उनके जन्म के बारे में बताया है।

भगवान श्री कृष्ण का जीवन हमें हमेशा ही ऊर्जा से भरा रहना सिखाता है। वे सभी कार्य बड़े ही ध्यान से करते थे। बचपन से लेकर युद्ध के मैदान तक उनमें ऊर्जा और एकाग्रता देखी गयी। समाजवादी विचारक राम मनोहर लोहिया जी अपनी पुस्तक भारतमाता धरतीमाता में श्रीकृष्ण के इस गुण पर लिखते हैं, कृष्ण का चरित्र अद्वितीय है - उन्होंने जो कुछ भी किया, अपनी पूरी ऊर्जा और ध्यान के साथ पूरे मन से किया; उन्होंने बाद की जरूरतों के लिए कुछ भी नहीं बचाया। उन्होंने लोगों को भगवान बनने का मंत्र दिया, लेकिन लोग इसलिए दुःखी हैं योंकि वे कुल बलिदान के महत्व को भूल गए हैं। बलिदान अपने शरीर को दूसरों को देने के लिए नहीं कहता है, बल्कि यह पूरी तरह से उसके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लिए समर्पित करने का कार्य है।

लोहिया जी ने कुल के बलिदान की बात भी की।

वर्तमान में हम अपने कुलों के बलिदान को भूल गए हैं। जिस सनातन संस्कृति के लिए हमारे कुल के लोगों ने स्वयं को बलिदान कर दिया, लेकिन आज उच्च पदों पर आसीन लोग उस सनातन पर सवाल खड़े करते हैं। और दुर्भाग्य है कि ऐसा सवाल खड़ा करने वालों का विरोध करने वाले लोगों की सं या काफी कम है। वर्तमान की आवश्यकता के अनुरूप अपने धर्म अपने मूल को सहेजना हम सभी का कर्तव्य है। हर नागरिक को सनातन के विरोधियों को जवाब देना चाहिए।

भगवान श्री कृष्ण ने भी यही किया था। उन्होंने अपने आप को सत्य का पर्याय रखा। वह हमेशा धर्म के पक्ष में खड़े मिले। इस बात को समझने के लिए इस संदर्भ को देखना अवश्य है। कौरव ने साम्राज्य का आधा हिस्सा पांडवों को नहीं दिया, जिसके वे वैधानिक अधिकारी थे। दुर्योधन स पूर्ण राज्य पर अपना प्रभुत्व चाहता था। कृष्ण ने पांडवों का पक्ष लिया और हर तरह से उनका साथ दिया। उन्हें अपने पक्ष को सुदृढ़ करने और बढ़ाने में सहायता की। श्री कृष्ण सही के साथ खड़े मिले।

सनातन अटल सत्य है। लाखों करोड़ों वर्षों पूर्व से सनातन कर होने के प्रमाण हैं। ऐसे में अगर कोई उस पर सवाल खड़ा कर रहा है तो उसको जवाब देना प्रत्येक आम नागरिक का कर्तव्य है।

सनातन पर प्रश्न उठाने वाले लोग बड़े ही जटिल हैं, इनसे निपटने की कला भी हमें अपने अंदर धारण करनी चाहिए। महाभारत के युद्ध के आरंभ से पहले अर्जुन और दुर्योधन दोनों कृष्ण से अनुरोध करते हैं कि वे उनके पक्ष में रहें। दुर्योधन पहले आता है। कृष्ण तब विश्राम ले रहे थे। जागने के बाद, कृष्ण अर्जुन और दुर्योधन दोनों को देखते हैं और पांडवों के पक्ष में चुनकर धर्म का पक्ष का पक्ष लेते हैं।

इस पर दुर्योधन ने कहा, ÷आप यह कैसे कर सकते हैं? सबसे पहले मैं आपके पास मिलने के लिए आया था। आपको मेरी तरफ होना चाहिए÷ तब श्री कृष्ण ने कहा, ÷आप पहले आए लेकिन मैंने अर्जुन को पहले देखा÷। कुछ कहने में निरुत्तर होने के कारण दुर्योधन वहाँ से चला जाता है।

हमें भगवान श्री कृष्ण की तरह कठिन परिस्थितियों को समझदारी से निपटाना सीखना चाहिए। हमें सत्य के साथ खड़े रहना चाहिए। कभी-कभी एक छोटा विचार एक बड़ी समस्या को हल कर सकता है। वर्तमान में उस विचार को प्रस्तुत करने की आवश्यता है। यह विचार हर सनातनी को प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि सनातन पर प्रश्न खड़ा कर अनर्गल टिप्पणी करने वाले सोचकर बोलें।

सूर्य का अध्ययन करने भारत का पहला अन्तरिक्ष यान सफलतापूर्वक प्रक्षेपित

आदित्य एल-1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन होगा। अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली लैग्रेंज बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा, जो पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर है। स बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में रखे गए उपग्रह को बिना किसी ग्रहण/ग्रहण के सूर्य को लगातार देखने का प्रमुख लाभ होता है। इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव को देखने का अधिक लाभ मिलेगा। चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग के 10 वें दिन इसरो ने शनिवार को आदित्य स मिशन लॉन्च कर दिया। आदित्य सूर्य की स्टडी करेगा। इसे सुबह 11.50 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया।

रॉकेट ने 63 मिनट 19 सेकेंड बाद आदित्य को 235 × 19500 पृथ्वी की ऑर्बिट में छोड़ दिया। करीब 4 महीने बाद यह 15 लाख पृथ्वी दूर लैग्रेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूर्य पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है।

5 पॉइंट में जानें आदित्य स का सफर

- श्रीहरिकोटा रॉकेट ने आदित्य को 235 × 19500 पृथ्वी की पृथ्वी की कक्षा में छोड़ा।
- 16 दिनों तक पृथ्वी की कक्षा में रहेगा। 5 बार थ्रस्टर फायर कर ऑर्बिट बढ़ाएगा।
- फिर से आदित्य के थ्रस्टर फायर होंगे और ये स पॉइंट की ओर निकल जाएगा।
- 110 दिन के सफर के बाद आदित्य ऑब्जर्वेटरी इस पॉइंट के पास पहुंच जाएगा।
- थ्रस्टर फायरिंग के जरिए आदित्य को स पॉइंट के ऑर्बिट में डाल दिया जाएगा।

लैग्रेंज पॉइंट-1 (स) या है?

लैग्रेंज पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैग्रेंज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में स नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है और सेंट्रि यूगल फोर्स बन जाता है।

ऐसे में इस जगह पर अगर किसी ऑब्जे ट को रखा जाता है तो वह आसानी से दोनों के बीचस्थिर रहता है और उस पॉइंट के आस-पास चक्कर लगाना शुरू कर देता है। पहला लैग्रेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है।

स पॉइंट पर ग्रहण बेअसर, इसलिए यहां भेजा जा रहा

इसरो का कहना है कि स पॉइंट के आस-पास हेलो ऑर्बिट में रखा गया सैटेलाइट सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देख सकता है। इससे रियल टाइम सोलर एंटिविटीज और अंतरिक्ष के मौसम पर भी नजर रखी जा सकेगी। ये 6 जनवरी 2024 को स पॉइंट तक पहुंचेगा।

सूर्य की स्टडी यों जरूरी?

जिस सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है, उसका केंद्र सूर्य ही है। सभी आठ ग्रह सूर्य के ही चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। सूर्य से लगातार ऊर्जा बहती है। इन्हें हम चार्ज्ड पार्टिकल्स कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके ये समझा जा सकता है कि सूर्य में होने वाले बदलाव अंतरिक्ष को और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

साभार-भास्कर

अब ऊर्जा संरक्षण क्षेत्र में पथ प्रदर्शन करेगी साँची -मु यमंत्री चौहान

***साँची बनी देश की पहली सोलर सिटी**
***मु यमंत्री ने किया लोकार्पण**
***साँची में 63 किलोवाट क्षमता के सौर संयंत्र घरेलू छतों पर लगाए गए**
***साँची सोलर सिटी से वार्षिक 14 हजार टन से अधिक कार्बन डाईआ साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी**

भोपाल। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन जिले में स्थित विश्व धरोहर स्माक स्थल साँची नगर को प्रथम सोलर सिटी के रूप में लोकर्पित किया। मु यमंत्री श्री चौहान कहा कि आज अक्षय ऊर्जा के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया और इस क्षेत्र में कार्य करने का मंत्र दिया है, उसे सामाजिक दायित्व मानकर पूरा करने की दिशा में मध्यप्रदेश आगे बढ़ा है। मध्यप्रदेश ओंकारेश्वर में भी बांध की सतह पर सोलर पैनल लगाकर 600 मेगावाट क्षमता के संयंत्र स्थापित करने की पहल की गई है। साँची से कभी विश्व को शांति का संदेश पहुँचा था। अब साँची सौर ऊर्जा के क्षेत्र में पथ-प्रदर्शन करेगा। कार्यक्रम में नवकरणीय विभाग और आईआईटी कानपुर के मध्य साँची को नेट जीरो सिटी बनाने के करारनामे पर हस्ताक्षर किए गए।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोयले और अन्य साधनों से बिजली के उत्पादन का पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। पार परिक माध्यमों को छोड़कर प्रकृति को नुकसान पहुँचाए बिना सौर ऊर्जा उत्पादन की शुरूआत के लिए साँची के नागरिक, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग और सभी वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं। मु यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न संस्थानों से पधारे विद्वानों, वैज्ञानिकों और ऊर्जा संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों का अभिनन्दन करते हुए आभार व्यक्त किया।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह साँची और देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ा है। साँची के पास नागौरी में तीन मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना के फलस्वरूप साँची सोलर सिटी बनी है। निकट भविष्य में गुलगांव में पाँच मेगावाट की सौर परियोजना स्थापित होगी जो कृषि क्षेत्र की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि साँची सोलरसिटी से वार्षिक 14 हजार टन से अधिक कार्बन डाईओ साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 2 लाख 38 हजार से अधिक पेड़ों के बराबर है। ईकोफ्रेंडली सुविधाओं से पर्यावरण प्रदूषण रुकेगा। ई-व्हीकल को बढ़ावा दिया गया है। चार कमर्शियल चार्जिंग पाइंट तथा तीन ई-रि शा चार्जिंग पाइंट स्थापित कर दिए गए है। बैटरी वाहनों के चलने से 9 लाख से अधिक मूल्य के डीजल की भी बचत होगी।

नागरिक ऊर्जा बचत और संरक्षण के क्षेत्र में हुए जागरूक

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि साँची में करीब 7 हजार नागरिकों ने अपने घरों में सोलर स्टेंड लैंप, सोलर स्टडी लैंप, सोलर लालटेन का इस्तेमाल कर बिजली बचाने का संकल्प लिया है। हर घर सोलर की अवधारणा सफल हुई। लगभग 63 किलोवाट क्षमता के सौर संयंत्र घरेलू छतों पर लगाए गए हैं। शहर के केंद्र और राज्य सरकार के कार्यालयों और प्रतिष्ठनों का इनर्जी आडिट करवाया गया। ऊर्जा साक्षरता आंधियान के अंतर्गत साँची के लोगों ने ऊर्जा बचत और ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में जागरूकता का परिचय दिया। प्रतिवर्ष संयंत्रों के उपयोग से करीब 22 लाख रूपए के बिजली के बिल कम होंगे।

नेट जीरो शहर बनाने का संकल्प सराहनीय

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि साँची को आईआईटी कानपुर के सहयोग से नेट जीरो शहर बनाने का संकल्प सराहनीय है। यह शहर पूरी दुनिया को दिशा दिखाएगा। आज पर्यावरण बचाना बहुत आवश्यक है। बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को अक्षय ऊर्जा के उपयोग से पूरा करना है। शीघ्र ही सोलर प प भी कृषि कार्यों में मदद करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज इस क्षण में आनंद से भरा हूँ। ऊर्जा साक्षरता अभियान के संचालन को अच्छा समर्थन मिला। सभी सहयोगी बधाई के पात्र है।

लोक स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्री श्री प्रभुराम चौधरी ने कहा कि साँची जो बौद्ध स्तूप के लिए प्रसिद्ध था अब सोलर सिटी के रूप में जाना जाएगा। साँची में व्यापक स्तर पर सोलर लैंप का वितरण हुआ है। बच्चों और बुजुर्गों को ऊर्जा संरक्षण के लिए शिक्षित किया गया है। जगह जगह चार्जिंग पॉइंट भी लगाए गए हैं। मु यमंत्री श्री चौहान ने साँची सहित रायसेन एवं विदिशा जिलों में विकास कार्यों की मंजूरी दीहै। स पूर्ण प्रदेश के विकास के लिए वे समर्पित हैं।

प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2020 में सोलर सिटी विकसित करने का आव्हान किया था। साँची एक आदर्श सोलर सिटी की पहचान बनाएगा। साँची के विद्यार्थी ऊर्जा साक्षर हो गए हैं, इसके लिए उन्होंने निर्धारित परीक्षा भी पास की हैं। साँची के मार्ग रात में भी जगमगाने लगे हैं। आने वाले पर्यटक इनका लाभ ले रहे हैं। सौर ऊर्जा से मोबाइल फोन भी चार्ज हो रहे हैं। साँची में वार्षिक 7 करोड़ 68 लाख रुपए की बचत होगी। साँची में आयोजित सोलर सिटी लोकार्पण कार्यक्रम में आईआईटी मु बई के प्रो. चेतन सिंह सोलंकी भी उपस्थित थे। जिन्होंने इंटर नेशनल सोलर मिशन में सक्रिय भूमिका निभाई हैं। श्री सोलंकी ग्यारह वर्षों से महत्वपूर्ण ऊर्जा संरक्षण अभियान से जुड़े हैं। इसके साथ ही क्लर्ट्ज रिसर्स इंस्टीट्यूट के सारांश वाजपेयी, आईआईटी कानपुर के श्री आशीष गर्ग, श्री राजीव जिंदल, श्री रविशेखर, प्रो बी.के. सेठी, श्री वी.के. सिन्हा, आरजीपीवी के कुलपति श्री सुनील कु मार उपस्थित थे। जन-प्रतिनिधियों में किसान मोर्चा के श्री दर्शन सिंह, रायसेन जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत सिंह, श्री राकेश शर्मा उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री कर्मवीर शर्मा ने किया।

साँची सोलर सिटी से संबंधित प्रमुख तथ्य

***साँची में नागरिकों के घरों और सरकारी कामों में व्यय होने वाले विद्युत व्यय में 7.68 करोड़ की वार्षिक बचत होगी।**
***बिजली बिल भरने से भी राहत मिलेगी।**
***विश्व के देशों से आने वाले पर्यटकों को विभिन्न सुविधाएँ मिलेंगी।**
***साँची में रात्रि के समय जगमगाती सड़कों से दुकानें और रहवासी क्षेत्र की गलियाँ रोशन होने लगी हैं।**
***साँची के नागरिकों ने हर-घर सोलर के विचार को अंगीकार किया है। शहर में स्थित द तरों का ऊर्जा आडिट हुआ।**
***नगरीय आबादी को ऊर्जा की बचत से जुड़े ज्ञायों पर बिन्दुओं पर जागरूक और शिक्षित किया गया।**

मु यमंत्री चौहान की रायसेन जिले के विकास के लिये घोषणाएँ

***रायसेन में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किया जाएगा।**
***साँची में नगर पंचायत भवन का निर्माण होगा।**
***साँची में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित होगी।**
***साँची में अशिखर धर्मशाला के विकास में सहयोग दिया जाएगा।**
***साँची क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रूपए की विशेष निधि मंजूर की जाएगी।**
***पूर्व सरकार द्वारा स्वीकृत साँची नगर पंचायत क्षेत्र के दो मार्ग जो नहीं बन सके थे, उनका निर्माण करवाया जाएगा।**
***रायसेन जिला पंचायत भवन के निर्माण का कार्य होगा।**
***रायसेन जिले के सलामतपुर में सीएम राइज स्कूल स्वीकृत किया जाएगा।**

भोपाल में बनेगा सर्वसुविधायुक्त स्टेट मीडिया सेंटर - मु यमंत्री चौहान

भोपाल। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लोकतंत्र के आधार स्तंभ के रूप में मीडिया प्रतिनिधियों का परिश्रम प्रशंसनीय है। पत्रकार साथी दिन-रात कार्य करते हैं। अनेक कठिनाइयों के बीच वे तथ्यों और समाचारों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। यही नहीं सरकार और अन्य सभी के लिए सेतु के रूप में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मीडिया के लिए मेरे मन में बहुत आदर का स्थान है। आज इस पत्रकार समागम में अनेक साथियों से भेंट हो रही है। मु यमंत्री श्री चौहान आज मु यमंत्री निवास में पत्रकार समागम को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकार वर्ग के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इनमें उपचार सहायता, बीमा योजना, आवास सुविधा,

शिक्षा के लिए सुविधा आदि शामिल है। इसके साथ ही जनसंपर्क विभाग छोटे शहरों और कस्बों के पत्रकारों को डिजिटल तकनीक प्रशिक्षण दिलवाने का कार्य भी करेगा। आज हुए पत्रकार समागम में पहली बार राजधानी में प्रदेश के अनेक जिलों के पत्रकार एकत्र हुए।

अत्याधुनिक होगा स्टेट मीडिया सेंटर

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल के मालवीय नगर में पत्रकार भवन की भूमि वर्तमान में अनुपयोगी है। सभी की इच्छा है कि यहां नया भवन बने। इसे नया स्वरूप दिया जाएगा। नया भवन निर्मित किया जाएगा। नवनिर्मित भवन के साथ ही इसे स्टेट मीडिया सेंटर का दर्जा रहेगा। इसमें सभागार, पुस्तकालय, कैंटीन, सामान्य कक्ष सहित अन्य सुविधाएं होंगी। सेंटर में आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे।

मीडिया के प्रतिनिधियों से मु यमंत्री श्री चौहान ने की आत्मीय चर्चा

आज मु यमंत्री निवास में पत्रकार समागम में इले ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, न्यू मीडिया के विभिन्न माध्यमों और सोशल मीडिया के अलग-अलग माध्यमों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। आकाशवाणी, दूरदर्शन से जुड़े प्रतिनिधियों और एफएम चैनल के प्रतिनिधि भी पत्रकार समागम में शामिल हुए। वीडियोग्राफर और फोटोग्राफर भी पत्रकार समागम में पहुंचे। राजधानी भोपाल सहित प्रमुख नगरों इंदौर, उज्जैन, सागर, रीवा, शहडोल, चंबल, ग्वालियर और नर्मदापुरम सहित सभी संभागों के सभी जिलों के प्रतिनिधि आए। मु यमंत्री श्री चौहान ने संबोधन के पश्चात मीडिया बंधुओं से आत्मीय भेंट और चर्च की मु यमंत्री श्री चौहान ने मीडिया के बंधुओं को दोपहर भोज के लिए आमंत्रित किया और भोजन के पश्चात ही प्रस्थान करने का आग्रह किया। वतधारी अतिथियों के लिए फलाहार की भी व्यवस्था की गई थी। पत्रकारों ने मु यमंत्री निवास परिसर में नवनिर्मित समलत भवन और भोज ताल की सुंदरता का भी अवलोकन किया।

-पत्रकारों के उपचार के लिए बड़ी सहायता राशि
-जनसंपर्क विभाग छोटे शहरों और कस्बों के पत्रकारों को दिलवाएगा डिजिटल तकनीक का प्रशिक्षण
-मु यमंत्री निवास में हुआ पत्रकार समागम
पहली बार एकत्र हुए प्रदेश के प्रमुख नगरों और सभी जिलों के मीडिया प्रतिनिधि
-प्रिंट सहित इले ट्रानिक मीडिया और न्यू मीडिया के प्रतिनिधि हुए शामिल
वीडियोग्राफर और फोटोग्राफर भी पत्रकार समागम में पहुंचे

पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति में इस वर्ष 22 करोड़ का प्रावधान
प्रतिवर्ष 50 विद्यार्थियों को लाभ देने की योजना

भोपाल - वर्तमान में हर युवा की इच्छा रहती है कि वह विदेशों में जाकर उच्च शिक्षा हासिल कर सके, परंतु पारिवारिक परिस्थिति और धन के अभाव के कारण सभी के लिये यह संभव नहीं हो पाता है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसं यक कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को विदेशों में उच्च अध्ययन के लिये विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति संचालित की जा रही है। इसके लिए विभाग इस वर्ष विभागीय बजट में 22 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

योजना में प्रतिवर्ष पिछड़ा वर्ग के 50 चयनित विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, पीएचडी और व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिये विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति का प्रावधान है। पिछले वर्ष 8 करोड़ रूपये इस मद में व्यय किये गये थे। इस छात्रवृत्ति का लाभ युवा मु य रूप से ब्रिटेन, अमेरिका, आस्ट्रेलिया सहित यूरोपीय देशों में अध्ययन के लिये लेते हैं।

स्मारिका आराधना विमोचन समारोह

सिवनी यशो:- 9 सितंबर दिन शनिवार स्थान ऐतिहासिक मठ मंदिर सिवनी में अपराह्न 2बजे से स्मरिका अराधना का लोकार्पण समरोह स्मारिका मठ मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता श्री बलवंत नंद जी परमहंस जी मौनी दादा आश्रम मड़गवां कुट्टरी सिवनी तथा मु य अतिथि साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी अध्यक्ष ब्रह्म ऋषि आश्रम जबलपुर विशिष्ठ अतिथि डो टर खलसिंह क्सिन सांसद बालाघाट सिवनी ,श्री दिनेशराय मुनमुन विधायक सिवनी,श्री राकेश पाल सिंह विधायक केवलारी आमंत्रित है।

उल्लेखनीय है की उक्त स्मारिका में मठ मंदिर से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी सहित विद्वजनों द्वारा अपने लेखों के माध्यम से जन एवं जीवनोपयोगी विधाओं को संग्रहित किया गया है ।जिसे लोकार्पित किया जाएगा ।

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार रमेश श्रीवास्तव चातक संपादक स्मारिका संरक्षक ओ एल शिववेदी, एवं संपादक मंडल डो टर रामकुमार चतुर्वेदी ,योगाचार्य श्री नरेश मिश्रा, श्री अंकित मालू , लोकेश शिववेदी,परामर्शदाजी स्मारिका समिति से श्री जानकी वल्लभ मिश्र,स्वामी बलवंतानंद जी ,श्री दुर्गाशंकर श्रीवास्तव एवं डो टर कृष्ण कुमार चतुर्वेदी द्वारा इस पावन अवसर पर जनमानस से समारोह में शामिल रहकर अपेक्षित मूल्यवान सहयोग का आग्रह किया है ।

परसवाड़ा क्षेत्र में नागरिकों को मिलेगी सभी बुनियादी सुविधाएँ

भोपाल। आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री रामकिशोर नानो कावरे ने कहा है कि बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के नागरिकों को सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार के लिये विशेष प्रयास किये जा रहे है। राज्य मंत्री श्री कावरे बुधवार को बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के ग्राम कोडपाटोला में विकास कार्य के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे।राज्य मंत्री ने कहा कि ग्राम में बनाया जाने वाला सभा मंच भव्य और आकर्षक होगा। नागरिकों को सार्वजनिक कार्यक्रम करने में अब कोई असुविधा नहीं होगी। उन्होंने इस मौके पर ग्रामीणों को समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के संबंध में संबंधित विभाग के अफिकारियों को निर्देश दिये। राज्य मंत्री ने स्थानीय जन-प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने में सक्रिय सहयोग दे।

कचहरी और अ बेडकर चौक का किया जाए सौंदर्यीकरण

सिवनी यशो:- नगर का कचहरी चौक जहां वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित है। उसके आगे डॉ. अ बेडकर चौक जहां भारतीय संविधान के निर्माता की प्रतिमा स्थापित है। इन दोनों स्थानों से बड़ी सं या में छोटे बड़े वाहनों का आना-जाना होता है। जिसके कारण हर समय दुर्घटना की आशंका रहती है। अतः इन दोनों स्थानों की चौड़ाई बढ़ाकर सौंदर्यीकरण किया जाए।

उक्तप्रशय की मांग करते हुए संत रविदास समाज संघ जिला सिवनी के अध्यक्ष रघुवीर अहरवाल ने बताया कि पाल पेट्रोल पंप से लेकर कचहरी चौक तक दिन भर हजारों वाहनों का आवागमन होता है। इन स्थानों से हजारों स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं गुजरते है। जिला कले टर कार्यालय और जिला न्यायालय के लिए हजारों लोगों का आना-जाना होता है। कचहरी चौक और अ बेडकर चौक में आए दिन अनेक संगठन अपनी मांगों के लिए कभी धरना देते हैं, तो कभी रैली निकालते हैं। कचहरी चौक में अनेक बैंकों का संचालन होता है। इस कारण यहां दिन भर लोगों की भीड़ देखी जा सकती है। बैंकिंग कार्य से आए लोगों के दुपहिया और चौपहिया वाहन भी बड़ी सं या में काफी समय तक खड़े रहते, जिससे आवागमन में भारी अड़चन होती है।

संत रविदास समाज संघ जिला सिवनी के अध्यक्ष रघुवीर अहरवाल ने जिला प्रशासन एवं नगरपालिका परिषद सिवनी से अपील किया है कि, कचहरी और अ बेडकर चौक की चौड़ाई बढ़ाकर इन स्थानों का आकर्षक सौंदर्यीकरण किया जाए।

सहकारी कर्मचारियों ने हड़ताली पंडाल में धूमधाम से मनाया भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव

बीते 24 दिनों से निरंतर जारी है सहकारी समिति कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन

सिवनी यशो:-अपनी मात्र 01 सूत्रीय वेतनमान की मांग के समर्थन में मध्यप्रदेश सहकारी समिति महासंघ के आह्वान पर जिले के समस्त लगभग 550 सहकारी समिति कर्मचारी पिछले 24 दिनों से अनेडकर चौक जबलपुर रोड में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन अनूठे तरीकों से धार्मिक प्रवृत्ति के माध्यम से ईश्वरी कृपा का सहारा लेकर शासन प्रशासन का निरंतर ध्यान आकर्षण कराया जा रहा है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान कृष्ण जन्माष्मी पर्व के पावन अवसर पर अ बेडकर चौक स्थित हड़ताली पंडाल में सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण ÷लड्डू गोपाल÷ का धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गयाक्षत दौरान नंद के घर आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की,हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की से पंडाल गूंज उठा,साथ ही कर्मचारियों ने श्री कृष्ण भगवान के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी।समस्त सहकारी कर्मचारियों ने भगवान श्री कृष्ण से प्रार्थन की,हमारी एक सूत्रीय मांग को भगवान श्री कृष्ण जल्दी से पूरा करे। हड़ताल के चलते शराब दुकान के गरीब उपभोक्ताओं एवं क्षेत्र के किसानों को नजदीकी समितियों से प्राप्त होने वाली सेवाएं पूर्णतः प्रभावित हो रही है। जिसका मध्यप्रदेश सहकारी समिति महासंघ ने खेद व्यक्त किया है। ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को एवं गरीब हितग्राहियों को राशन दुकान के माध्यम से आवश्यक सेवाएं इन सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा ही पहुँचाई जाती हैं। राशन दुकानों द्वारा प्रदत्त सेवाएं अति आवश्यक सेवाओ में आती है, सहकारी समिति कर्मचारी की जायज मांगो को शासन द्वारा नजर अंदाज करने के कारण सहकारी समिति कर्मचारियों को मजबूर होकर बीते 24 दिन से समूचे मध्यप्रदेश में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाना पड़ा है। जिला अध्यक्ष वंशी ठाकुर का कहना है कि समूचे मध्यप्रदेश के हमारे समस्त सहकारी साथियों को बस एक ही उ मीद व आशा है कि प्रदेश के मु यमंत्री मान. शिवराज सिंह चौहान एक विशाल महापंचायत बुलाकर उससे हमारी सर्वप्रमुख मांग पै स सहकारी संस्थाओं में कार्यरत प्रभारी प्रबंधक/ सहायक प्रबंधक,लिपिक, कैशियर, विक्रेता, कनिष्ठ विक्रेता, कंप्यूटर ऑपरेटर, भृत्य,चौकीदार सहित आदि कर्मचारियों को वर्ष 2019 में जारी पै स सेवा नियम अनुसार कार्य के अनुरूप वेतनमान लागू करने की घोषणा कर तत्काल प्रभाव से उसका लाभ प्रदय किया जाये। जिला भाजपा के पूर्व आध्यक्ष नेंद्र गुड्डू ठाकुर व भाजपा नेता मनोज नामदेव ने आंदोलन स्थल पर पहुँचकर हड़ताली कर्मचारियों की वेतनमान की मांग को जायज ठहरते हुए पूर्ण समर्थन किया।

भू अधिकार पत्र बांटे गए और शिक्षको का किया गया स मान

छपारा यशो:-प्र यात शिक्षाविद , महान दार्शनिक , पूर्व राष्ट्रपति व भारतरत्न डॉ टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर देश भर में प्रति वर्ष शिक्षक दिवस मनाया जाता है, इस मौके पर नगर परिषद छपारा के वार्ड नंबर 11 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र का भी वितरण किया गया, एवम वार्ड के सेवा निवृत शिक्षक अब्दुल मतीन खान,अब्दुल अ फान खान, और सेवारत शिक्षक अजय गजभिये का शाल श्रीफल भेंटकर स मानित किया गया था

इस अवसर पर सामान्य प्रशासन, राजस्व, वित्त विभाग की सभापति श्रीमती निर्मला पप्पू ठकरिया,कृष्णकांत ठकरिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह, नगर परिषद के मु य नगर पालिका अधिकारी श्यामगोपाल भारती, लोकनिर्माण विभाग के सभापति धर्मेंद्र जैन ,पार्षद रामेश्वर बंजारा, दीनू उईके,और नगर परिषद के कर्मचारी अजय सोनी,भोपत अहिरवार, हरिनंदन जी, अनिल मेश्राम, सौरव , नयन ये सभी का इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण रूप से संपन्न कराया गया,इस कार्यक्रम मैं भू अधिकार पत्र पाकर हितग्राहियों ने प्रसन्नता जाहिर की वही स मानित शिक्षकों के द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।

कार्यकर्ता स मेलन में जमकर गरजे रजनीश महंगाई,बेरोजगारी, अराजकता पर वर्तमान सरकार को घेरा

छपारा यशो:- बुधवार 6 सितंबर को नगर के निजी लॉन में कांग्रेस के कार्यकर्ता स मेलन में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच पूर्व विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने वर्तमान भाजपा शासन काल में हो बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी और अराजकता को लेकर जमकर सरकार को घेरा, साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

ज्ञात हो कि केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह के द्वारा बुधवार 06 सितंबर को छपारा नगर के शुभ नवत्र लॉन में नगर परिषद क्षेत्र छपारा के समस्त कांग्रेस संगठन व मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गणो की बैठक ली गई एवं बैठक के उपरांत उपस्थित जनसभा एवं समस्त पदाधिकारियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत वंदन कर उपस्थित सभा को संबोधित किया। जिसमे भाजपा शासन काल में बढ़ती हुई बेरोजगारी,मंहगाई और प्रदेश में व्याप्त

आराजकता के माहौल पर जमकर निशाना बनाया,की कैसे एक तरफ मंहगाई ने आम आदमी के रसोई का बजट बिगाड़ दिया है, सामान्य सी कीमत में बिकने वाला जीरा जिसके बिना हर घर की रसोई अधूरी है वह आज वर्तमान में जीरा न होकर हीरा बन गया है और आम आदमी के पहुंच से बाहर हो गया है जो आठ सौ रुपए प्रति किलो बिक रहा है,तो वही रसोई गैस के दाम भी लगातार बढ़ रहे है जिनसे माता बहिनें परेशान है जिससे छुटकारा प्रदेश सत्ता बदलने के साथ ही मिलेगा और आगामी विधानसभा चुनाव में कमलनाथ जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाने की बात कही साथ ही कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए रजनीश सिंह ने सभी लोगों से कदम से कदम मिलाते हुए आगे विकास की राह पर बढ़ने की बात कही।

***सैकडो लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता÷**

इस अवसर पर छपारा नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लगभग एक सैकड़ों से ज्यादा युवा साथियों ने कांग्रेस की रीति-नीति एवं विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस कि सदस्यता ग्रहण की,सभी साथियों का कांग्रेस परिवार में सं मलित होने पर ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छपारा के पदधिकरियों के द्वारा सदस्यता ग्रहण करने वाले साथियों का भव्य स्वागत वंदन कर पार्टी के गमछे भेंट कर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

बैठक के आयोजन में साथ ही छपारा ब्लॉक अध्यक्ष जयकेश पटेल,पूर्व विधायक रमेश जैन,जिला कांग्रेस महामंत्री आरिफ खान,जिला कांग्रेस संगठन मंत्री पंकज शर्मा ,जिला कांग्रेस महामंत्री गुलाब साहू,जिला कांग्रेस महामंत्री आदित्य सिंह,जिला कांग्रेस महामंत्री रमेश चौहान ,मंडलम अध्यक्ष आनंद नारायण तिवारी ,महिला कांग्रेस छपारा ब्लॉक अध्यक्ष तबस्सुम अंसारी,वरिष्ठ जन लाल सिंह सेंगर,जगदीश सिंह सेंगर ,मेहरबान सिंह ,मो.रासिद खान,श्रीचंद्र अवधिया,विनोद अग्रवाल ,विजय पटेल,जूजर हुसैन,लेखराम परते ,श्याम सुंदर गोल्हानी ,शरद जैन ,राजकुमारअग्रवाल,रामरजन शर्मा ,शिवशंकर अग्रवाल , एवं पार्षदगण श्रीमती हेमलता सोनी ,श्रीमती प्रीति ठाकुर ,श्रीमती सोनल श्रीवास्तो ,श्रीमती अहिल्या बाई ऊके , रामेश्वर बंजारा जी,से टर अध्यक्ष चंद्रशेखर श्रीवास्त्री ,भरत जैन ,पवन सिंह भारद्वाज ,यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नसीम कुरेशी ,सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष मनोज शिवे , एनएसयू आई जिला प्रभारी साजिद खान, एनएसयूआई पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शिवम बैन ,कार्यकर्ता साथी टोनी विशाल ठाकुर ,रंजित सिंह , सिंह,नितिन,मोटू ठाकुर, मिक्की परिहार,श्याम सुंदर अवधिया, प्रदीप श्रीवास्तव,गजेंद्र ठाकुर ,कुलदीप ठाकुर ,शुभम ठाकुर जी,अखिलेश सोनी,गुरमीत ठाकुर,बसंत बरदिया, समेत समस्त युवा साथी गण पदाधिकारी गण एवं स्थानीय मीडिया कर्मियों की उपस्थिति रही।

9 सित बर को नगरपालिका बालाघाट में नि:शुल्क टेली-लॉ योजना का शुभारंभ

अब घर बैठे फोन पर म.प्र. के वरिष्ठ वकीलों से नि:शुल्क सलाह

बालाघाट। नगरपालिका बालाघाट में 9 सित बर 2023 को सीएससी द्वारा भारत सरकार की टेली-लॉ योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें किसी भी वर्ग समूह के जरूरतमंद नागरिक इस योजना में निःशुल्क पंजीयन करवा सकते है। पंजीयन के पश्चात् हितग्राही जब चाहे अपनी सुविधा अनुसार, सलाह के लिए स्लॉट बुक करवा सकते है हितग्राही द्वारा निर्शचित किये गये समय पर सलाहकार वकील ₹ंवयं, पंजीकृत मोबाईल पर फोन करके संपर्क कर लेगा। इस प्रकार मध्यप्रदेश के ऐ पर्ट अधिवे ताओ से टेलीफोन अथवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सलाह प्राप्त की जा सकती है। उ त सुविधा नगरपालिका के कार्यालयीन समय पर प्रतिदिन दी जावेगी जिससे बालाघाट नगा क्षेत्र सहित बाहर से आने वाले ग्रामीणजन भी इसका लाभ ले सकते है। इस कार्य के लिए नगरपालिका बालाघाट ने सीएससी सर्च इन्फोटेक को अधिकृत किया है जिसके प्रभारी सिस्टम ऑपरेटर दीपक दमाहे रहेगें।

भारत सरकार के केन्द्रीय न्याय विभाग एवं राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत कानूनी प्रक्रिया को आमजन तक आसानी से एवं सुगम तरीके से पहुंच जाए इसके लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार ने टेली-लॉ योजना तैयार की है। जिसमें प्रतिदिन हजारों सामान्यजन बिना किसी शुल्÷के दिये घर बैठे कानून सलाह प्राप्त कर रहे है। जबकि अभी तक लोगों को कानूनी सलाह प्राप्त करने के लिए वकील के पास जाने की जरूरत होती थी, साथ ही हर जगह पर वकील की उपलब्धता भी नहीं हो पाती थी। जिससे ऊ÷हें कई किलोमीटर दूर भी जाना होता था। इस समस्÷या देखते हुए केंद्रीय न्याय विभाग ने सीएससी ई-गवर्नेंस के माध्यम से इस योजना को लागू किया है।

इस योजना के बारे में जानकारी देते हुये राकेश वर्मा 'तावकार' ने बताया कि इसमें दहेज, पारिवारिक विवाद, तलाक, घरेलू हिंसा से बचाव, महिला, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन यौन दुर्व्यवहार, छेड़छाड़ पर, जमीन जायदाद व स पत्ति का अधिकार, महिला एवं पुरुषो के लिए समान मजदूरी, मातृत्व लाभ, रूण हत्या रोकथाम, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल मजदूरी, बच्चों के शिक्षा के अधिकार, गिर तारी (गिर तारी के बाद की प्रक्रिया, बिना वारंट गिर तारी, जोर जबर दस्ती से गिर तारी, महिला से पूछताछ, पुलिस हिरासत में यातना, एफआइआर प्रक्रिया, जमानती, गैर जमानती अपराध, जमानती प्रक्रिया, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के प्रति अत्याचार और पुर्नवास आदि का शामिल गया है।

निशा बांगरे का इस्तीफा नामंजूर, डिप्टी कले टर जीएडी के आदेश को कोर्ट में करेंगी चैलेंज

भोपाल। छतरपुर के लवकुश नगर में एसडीएम के पद पर पदस्थ डिप्टी कले टर निशा बांगरे का इस्तीफा शासन ने नामंजूर कर दिया है। इसका कारण जांच होने को बताया गया है। अब बांगरे दोबारा कोर्ट जाएगी। बांगरे ने सर्वधर्म शांति स मेलन में शामिल नहीं होने की अनुमति नहीं देने पर इस्तीफा दे दिया गया। अब शासन के इस्तीफा अमान्य करने पर बांगरे दोबारा कोर्ट जाएगी। निशा बांगरे ने आमला में अपने नवनिर्मित घर के गृहप्रवेश कार्यक्रम और सर्वधर्म शांति स मेलन कार्यक्रम में शामिल होने के अनुमति मांगी थी। उनको सामान्य प्रशासन ने अनुमति नहीं दी थी। जिसके बाद बांगरे ने 22 जून को सामान्य प्रशासन विभाग को अपना इस्तीफा भेज दिया था। साथ ही बांगरे ने सरकार पर पिछली तारीखों में नोटिस जारी करने का आरोप लगाया था। अब सामान्य प्रशासन विभाग ने जांच का हवाला देकर उनका इस्तीफा नामंजूर कर दिया है। शासन ने डिप्टी कले टर पर शासन के निर्देशों का पालन ना करने और अनुशासनहीनता का आरोप लगाया। इससे पहले बांगरे इस्तीफे पर कोई निर्णय नहीं करने को लेकर कोर्ट गई थी, जिस पर कोर्ट ने शासन को 30 दिन में निर्णय लेने का समय दिया था। इसके बाद अब सामान्य प्रशासन विभाग ने इस्तीफा नामंजूर करने का आदेश जारी किया है। वहीं, इस मामले में निशा बांगरे ने कहा कि वह शासन के आदेश को कोर्ट में चैलेंज करेंगी।

अमला से चुनाव लड़ने की अटकलें

बता दें डिप्टी कले टर निशा बांगरे के बैहूल जिले के आमला से चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही है। इससे पहले बांगरे ने राजनीतिक पार्टियों के स्वों में उनका नाम आने के बारे में जानकारी दी थी। हालांकि वह खुद चुनाव लड़ने को लेकर अभी इंकार कर रही है।

म.प्र. में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के दो वर्ष पूर्ण होने पर 9 सित बर को उज्जैन में जुटेंगे शिक्षाविद

चंद्रयान-3 से जुड़े स्पेस साइंटिस्ट् श्री वर्मा विद्यार्थियों को करेंगे संबोधित

भोपाल। म.प्र. में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के दो वर्ष पूर्ण होने पर 9 सित बर को उज्जैन में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला तथा स मान समारोह आयोजित किया जाएगा। विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, वरिष्ठ शिक्षाविद भाग लेंगे। कार्यशाला में इसरो के स्पेस साइंटिस्ट श्री रवि वर्मा विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को देश में लागू करने के साथ मध्यप्रदेश में क्रियान्वयन किया गया है। स्नातक स्तर पर प्रथम और द्वितीय वर्ष में विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम लागू किये। नीति के अंतर्गत विद्यार्थी के कौशल विकास की दिशा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। इस वर्ष तृतीय वर्ष का पाठ्यक्रम लागू किया जा रहा है।

मंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर केंद्रित कार्यशाला में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर गठित टास्क फोर्स के सभी सदस्य, समस्त शासकीय महाविद्यालयों के एनईपी नोडल अधिकारियों तथा प्रत्येक जिले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रचार प्रसार करने के लिए मनोनीत एनईपी ए केडर प्राध्यापक भाग लेंगे। शिक्षा संगठनों के चयनित सदस्य तथा उच्च शिक्षा परिषद के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विभिन्न संकायों में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश एवं तदनुसार अध्यापन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में कौशल संवर्धन एवं केरियर निर्माण योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में सूचना संचार तकनीक का उपयोग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में कला और संस्कृति का समावेश, विषयों पर पांच समानांतर सत्र होंगे।

मंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कार्यशाला में इसरो के स्पेस साइंटिस्ट श्री वर्मा विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का प्रदेश के सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रसारण होगा। श्री वर्मा अहमदाबाद में स्पेस एप्लीकेशन सेंटर में वरिष्ठ वैज्ञानिक है और चंद्रयान-3 सहित, चंद्रयान-2, पीएसएलवी, जीएसलेवी जैसी कई परियोजनाओं पर कार्य कर चुके हैं। मेफकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी भी उपस्थित रहेंगे।

उज्जैन नगर के मेधावी विद्यार्थियों का स मान होगा

मंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कार्यशाला में प्रत्येक संभाग से एक-एक शिक्षक को स मानित किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रचार प्रसार के लिए वर्ष 2022 में आयोजित राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। विभिन्न विश्वविद्यालय में इं- यूबेशन सेंटर के माध्यम से स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए चयनित विद्यार्थियों को सीड मनी वितरित की जाएगी। नैक मूल्यांकन में ए++ और ए+ विश्वविद्यालय और महाविद्यालय को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर प्रकाशित %नंदी घोष% पुस्तक का विमोचन करेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की गतिविधियों एवं कार्यशालाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर तैयार पाठ्यक्रम पुस्तकों को भी प्रस्तुत किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की ओर से कैरियर मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उज्जैन शहर के समस्त शासकीय-अशासकीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालय तथा विद्यालय में अध्ययन कर रहे मेधावी विद्यार्थियों को कक्षावार चयन कर स मानित किया जाएगा।

केसलेस परीक्षा फीस भुगतान जागरूकता

बालाघाट। महाविष्यालयों में अध्ययनरत् परीक्षार्थियों को केसलेस डिजीटल पेमेंट करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्?य से 7 से 12 सित बर तक अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमें स्नातकोत्तर की चतुर्थ सेमेस्टर सहित अन्य सभी परीक्षार्थियों को, परीक्षा शुल्क का सुरक्षित भुगतान करने के बारे जानकारी दी जावेगी। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए बालाघाट नगर में केसलेस पेमेंट जागरूकता अभियान की शुरूआत सर्च इन्फोटेक मोतीनगर बालाघाट से की जा रही है। कॉलेज के परीक्षार्थी को केसलेस के माध्यम जैसे फोनपे, पेटीएम, यूपीआई, नेटबैंकिंग आदि से उसी राशि का भुगतान करना होगा है जितना परीक्षा शुल्क की रसीद पर अंकित होगा। कुछ मो स संचालकों द्वारा अंकित राशि के अतिरि त भुगतान करने की मांग की जाती है जो अनुचित है जिससे परीक्षार्थी अपने का ठगा हुआ महसूस करता है। इस प्रकार के केसलेस लेनदेन से परीक्षार्थी स्वयं भी मोबाईल द्वारा भुगतान करने की अंतिम तिथी 12 सित बर तक होने के कारण यह जागरूकता अभियान 12 सित बर तक चलाया जायेगा।

हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की जयकारों से गूंजा शहर

धूमधाम व श्रद्धाभाव के साथ यादव समाज ने मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

मंडला यशोः- हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की जयकारों से शहर गूंजायमान रहा। सुबह से ही यादव समाज भवन स्वामी सीताराम वार्ड में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यादव समाज के द्वारा भव्य वाहन रैली निकाली गई। बच्चों को भगवान श्रीराधाकृष्ण के रूप में सजाया गया था।

स्वजातीय बंधुओं के द्वारा सुबह 9 बजे से भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक विधि-विधान से किया गया। । पूजन पश्चात सभी एकजुट होकर वाहन रैली में शामिल हुये। नगर सहित आसपास के गांव तिल्हंपानी, ईमलीगोहान, चटुआमार, सुरंगदेवरी, सनकुही, घाषा, पौंडी सहित आदि गांव से स्वजातीय बंधु एकजुट होकर यादव समाज भवन में एकत्रित हुये थे। भगवा झण्डा व सिर पर पकडी बांधकर स्वजातीय अपने-अपने वाहनों से यादव समाज भवन से वाहन रैली में शामिल हुये। वाहन रैली इलाही चौक, बुधवारी, सराफा बाजार, उदय चौक, बस स्टेण्ड, लालीपूर, बिज्जिपा, झण्डा चौक, नेहरू स्मारक, महाराजपुर, पौंडी, बैगा बैगी चौक होते हुये यादव समाज भवन में स पन हुई। वाहन रैली में डीजे लगाये गये थे जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के मधुर-मधुर गीत गूंजायमान हुये। जिसे सुन युवाओं द्वारा डीजे रोककर डांस भी किया।

मंत्रो की गूंज से गूंजा यादव समाज भवन

यादव भवन स्वामी सीताराम वार्ड में भगवान श्रीकृष्ण का पूजन, अर्चन, अभिषेक एवं महाआरती का आयोजन यादव बंधुओं द्वारा किया गया। जिसे सहित आसपास के यादव बंधु यादव समाज भवन पहुंचे यादव बंधुओं के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक, महाआरती, हवन आदि विधि-विधान से किया गया। मंत्रो उच्चातरण के साथ विधि-विधान से भगवान का पूजन अर्चन कराया गया। यादव समाज भवन भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंजा उठा। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की। हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की के नारों से यादव समाज भवन गूंज उठा। सभी यादव बंधु परिवार की तरह मिलकर अपने आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण का पूजन अर्चन किया। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में हुआ था, यही वजह है कि इस

पर्व को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कहा जाता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। इस दिन व्रत और पूजन करने से सुख, समृद्धि और वैभव और दीघ्रायु संतान की प्राप्ति होती है।

घर-घर हुआ भगवान श्रीकृष्ण का पूजन

यादव बंधुओं के द्वारा जन्माष्टमी के दिन उपवास रखा जाता है एवं सभी अपने घरो में भगवान श्रीकृष्ण का विधि-विधान से पूजन अर्चन करते हैं। अधिकांश घरों में पूजा स्थल को फूलमाला व रंगीन लाइट से साज-सज्जा करते हुए धूमधाम से अपनी आस्था का इजहार किया। घर-घर में लोगों ने श्रीकृष्ण के बालरूप की मन मोहक झांकियां बनाकर अपनी श्रद्धा को प्रदर्शित किया। जगह-जगह भजन कीर्तन के साथ-साथ आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी पर्व में यादव बंधु उपवास रखकर भगवान का पूजन श्रद्धाभाव के साथ किये।

जगह-जगह हुआ स्वागत

यादव बंधुओं के द्वारा जो वाहन रैली निकाली गई थी उस रैली का प्रमुख चौराहों पर स्वागत किया गया एवं फलहारी फल व खीर वितरित की गई। बस स्टेण्ड में खीर का प्रसाद रैली में शामिल सभी यादव बंधुओं को खिलाया गया।

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव कार्यक्रम समाज के अध्यक्ष बालकृष्ण यादव, युवा अध्यक्ष राजा यादव, नरेन्द्र यादव, रमेश यादव, भंगी यादव, कपिलदेव यादव, सुकेत यादव, संतोष यादव, राजू यादव, गुलाब यादव, सोनू यादव, भास्कर यादव, विवेक यादव, शिव यादव, राजा यादव, नितिन यादव, ललित यादव, पवन यादव, ललित यादव, अविनाश यादव, पुलकित यादव, जितेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, राजू यादव एवं राजेश यादव व महिला मंडल की अध्यक्ष विमलेश यादव, श्रीमति बृजलता यादव, श्रीमति शीला यादव, श्रीमति मालती यादव, श्रीमति सरोज यादव, श्रीमति मिथलेश यादव, श्रीमती यादव, श्रीमति कामिनी यादव, श्रीमति संध्या यादव, श्रीमति मीनाक्षी यादव, श्रीमति रंजना यादव, अनेक स्वजातीय पहुंचे जादि का योगदान सराहनीय रहा।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 को प्रकरणों के निराकरण हेतु 18 खंडपीठों का गठन

मंडला यशोः- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 सित बर 2023 को स पूर्ण देश में नेशनल लोक आदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारत य में जिला मण्डला में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एस0के0 जोशी के निर्देशन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री डी0आर0 कुमरे के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रकार के राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण विद्युत प्रकरण, मोटर दुर्घटना, भरण-पोषण, चैक बाउन्स, श्रम, राजस्व (जिला न्यायालय एवं मान0 उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण) पारिवारिक वैवाहिक मामले

न्यायालय के प्रकरणों के साथ-साथ, बैंक, नगरपालिका, विद्युत एवं बी0एस0एन0एल0 के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एस0के0 जोशी द्वारा आयोजित होने वाली लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण व समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी0आर0 कुमरे ने बताया कि नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय मण्डला एवं तहसील न्यायालय नैनपुर, निवास, बिछिया में भी उक्त नेशनल लोक अदालत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी समझौते योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु 18 खंडपीठों का गठन किया गया है जिसमें आपसी सुलह के आधार पर राजीनामा किया जायेगा।

आयुष्मान मेला का आयोजन

शहपुरा। आयुष्मान भाव अभियान अंतर्गत आयुष्मान मेला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार 400 से 500 नागरिकों ने पहुंचकर आयोजित शिविर का लाभ लिया है इस दौरान मु य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ,भाजपा मंडल अध्यक्ष घनश्याम नागर पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश साहू वा विधायक प्रतिनिधि सत्यनारायण साहू ,भाजपा मंडल अध्यक्ष घनश्याम कच्छवाहा सहित अन्य मौजूद रहे हैं,मेला में डॉ अजय राय, डॉ टर धनराज सिंह डॉ प्रकाश ठाकुर डॉ वेदांत शर्मा डॉ रनमत सिंह डॉ नेहा डॉ दीक्षा डॉ अलका डॉ अंकित डॉ राजेंद्र डॉ रवेश डॉ प्रभात डॉ मनीषा डॉ राजीव साहू ,डॉ डोली चौधरी डॉ बलराम डॉ रवि परस्ते एवं बीएमओ डॉ टर सत्येंद्र परस्ते सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक घायल

सिवनी यशोः-आकाशीय बिजली की चपेट में आने से,45 वर्षी व्यक्ति गंभीर घायल,वेगरवानी ग्राम की घटना सिवनी जिले के अदिवासी विभाग विकास खंड धनोरा के अंतर्गत आने वाले वेगरवानी में शाम के समय एक व्यक्ति आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। जिसके कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वेगरवानी ग्राम निवासी श्रीराम बट्टी उम्र 45 वर्ष अपने खेत पर कम कर रहा था। तभी बारिश के साथ आसमानी बिजली गिरी जिसकी चपेट में व्यक्ति आ गया। और गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने धनोरा पुलिस और 108 वाहन में दी। जहां 108 वहां के डॉ टर गगन ठाकुर एवं पायलट अरविंद यादव ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनोरा लाकर भर्ती कराया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। शासन प्रशासन द्वारा लगातार लोगों को समझाइए दी जा रही है कि यदि तेज बारिश हो रही हो। और बिजली कड़क रही हो तब किसी सुरक्षित स्थान पर रहे। बावजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं। और इस तरह की हादसो का शिकार हो रहे हैं।

जिला स्तरीय शिक्षक स मान समारोह का आयोजन किया गया

मंडला यशोः- जिला स्तरीय शिक्षक स मान जिला स्तरीय शिक्षक स मान 2023 में सभागार मण्डला 2023 डाइटमें आयोजित किया गया। जिसमे नंदनी यादव प्राचार्य शा.क. हाईस्कूल मोहगांव को शैक्षणिक कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने के ये लिए जिला स्तरीय शिक्षक स मान में स मानित किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहायक संचालक मसरराम, सिंद्राम, डाइट प्राचार्य महोदय जी डाइट व्याख्यायता जयसवाल , नामदेव मेडम , बी . ई . ओ वरिष्ठ शिक्षक, सभी वि. खण्ड के . शिक्षक - शिक्षिकाएँ,डी. ई. मंच संकलन अखिलेश द्वारा किया गया।

आवासहीनों को पट्टा वितरण किये केवलारी विधायक पाल ने

तेंदूपत्ता संग्राहको को सामग्री वितरण

केवलारी यशोः- गुरुवार 07 सितंबर को मु यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत सामग्री वितरण कार्यक्रम में केवलारी विधानसभा क्षेत्र के नगर केवलारी के माँ नर्मदा पैलेश में मंडला सांसद केंद्रेश इस्पात एवं पंचायत ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फगनसिंह कुलस्ते एंव केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने शामिल होकर तेंदूपत्ता संग्राहको को सामग्री वितरण किया।हितग्राहियों को विधायक राकेश पाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा पहले की सरकारों आपके लिए या किया और वर्तमान की भाजपा की सरकार आपके हित के लिये किस प्रकार से कर रही है । श्री पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपके उत्थान के लिए वह हर कार्य कर रहीं हैं

जिससे आपके जीवन में बदलाव आये । भाजपा की सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कार्य करती है।आप तेंदूपत्ता संग्रहण करते हैं आपके पैरों में जूते चप्पल होना चाहिए।आप जंगल तेंदूपत्ता संग्रहण करने जाए तो आपके पैरों में तकलीफ न हो।आपको नंदी नाले के दूषित पानी नहीं पीना पड़े इसीलिए आपको यह पानी की बोतल दी जा रहीं।आप अच्छे कपड़े पहने इसीलिए आप बहनों को साड़ियां वितरित किया जा रहें।हम धन्यवाद देना चाहते हैं हमारे जनहितैषी मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी का जो हर किसी की तकलीफो को भलीभाँति समझकर जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ देने का कार्य करते हैं।

केवलारी नगर परिषद केवलारी में आयोजित नगरीय क्षेत्रों में के आवासहीन परिवारों को केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह के हस्ते आवासीय पट्टे वितरित किए गए। भारत देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं मध्य प्रदेश के मुखिया महान मु यमंत्री श्रीशिवराज सिंह चौहान जी का सपना है सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के निवासियों के पट्टे बनाकर प्रधानमंत्री आवास एवं मु यमंत्री आवास योजना का लाभ मिले ।जिन्के भी पक्के मकान हो।जहां केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने कहा कि केवलारी विधानसभा में जो काम 28 सालों में नही हुआ वह भाजपा की सरकार में 5 साल में हुए हैं। किसानों के लिए 194 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली योजना को स्वीकृत कराकर किसानों की समस्या का स्थाई रूप से समाधान करने का काम किया गया है। इसके साथ ही केवलारी विधानसभा में हर वर्ग के लोगों के लिए भांप सरकार ने काम करने का काम की है और आने वाले समय में और भी अनेक योजनाओं के माध्यम से जनता को सेवा के तत्पर रहने की बात कही।इस कार्यक्रम में केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह के साथ भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

पीएम आवास ऋण के हितग्राही नगरपालिका में संपर्क करें

मंडला यशोः-प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण किए जाने के लिए नगरपालिका परिषद द्वारा इसे मिशन मोड में किए जाने के प्र यास किए जा रहे हैं। इसके लिए नगरपालिका परिषद मंडला के आवास शाखा में ऋण प्रकरणों के निपटारे के लिए हितग्राहियों के प्रकरण निराकृत कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एन.पी. घटक योजना के तहत निर्माणाधीन आवास हेतु जिन हितग्राहियों के ऋण प्रकरण पंजाब नेशनल बैंक शाखा मण्डला को प्रेषित किये गये थे, वे समस्त हितग्राही नगरपालिका परिषद मण्डला के प्रधानमंत्री आवास शाखा में ऋण की अग्रिम कार्यवाही हेतु 3 दिवस के अन्दर संपर्क करें।

प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय को नियम विरुद्ध प्राचार्य बनाने की तैयारी

सिवनी यशोः- वर्तमान समय में मप्र में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत उच्च प्रभार दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। जिसमे बिना किसी नीति के प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय को सीधे प्राचार्य उच्च प्रभार देने के लिए लोक शिक्षण संचालनणालय मप्र से पत्र क्रमांक/स्था.1/राज./पी/123/2023/1132 भोपाल जारी किया गया है। जिसमें 6 और 8 सित बर को उच्च पद प्रभार हेतु काउंसिलिंग किया जाना है।

राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विपनेश जैन ने बताया की मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा 25/07/2013 को जारी मध्य प्रदेश राजपत्र (आसाधारण) के भावना के विपरीत प्रधान पाठको को प्राचार्य के पद पर उच्च प्रभार देने की कार्यवाही की जा रही है। जिसकी आपत्ति संघ के द्वारा लोक शिक्षण आयुक्त को जिला शिक्षा अधिकारी महोदय को ज्ञापन के माध्यम से प्रेषित किया है।

कार्यकारी जिला अध्यक्ष गजेंद्र बघेल ने बताया की शिक्षा विभाग लगातार नवीन शिक्षक संवर्ग के हितो की अनदेखी करते हुवे नियम विरुद्ध उच्च प्रभार की प्रक्रिया करवा रहा है। जिससे उच्च माध्यमिक शिक्षक में भारी रोष व्याप्त है।यदि कोई उचित कार्यवाही नही हुई तो मजबूरी वश उच्च माध्यमिक शिक्षक माननीय उच्च न्यायलय की शरण में जाने को मजबूर होंगे!

ज्ञापन देते समय उच्च माध्यमिक शिक्षक विपनेश जैन, गजेंद्र बघेल, चुरामन बघेल, कीर्ति डहेरिया, वर्षा आदि उपस्थित रहे!

दीदियों ने मु यमंत्री को बांधी गोंडी चित्रकला वाली राखी

मंडला यशोः- जिला प्रशासन के प्रयासों से ज़िले की गोंडी चित्रकला को कई उत्पादों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे समूह की महिलाओं कि आय में वृद्धि हो रही है तथा ज़िले की गोंडी चित्रकला को देश में नई पहचान भी मिल रही है। इसी दिशा में स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा गोंडी पेंटिंग वाली आकर्षक राखियों का निर्माण किया गया। रक्षाबंधन के अवसर पर समूह की दीदी द्वारा मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को राखी बांधते हुए उन्हें एक राखी हैंपर भेंट किया गया। श्री चौहान ने दीदियों द्वारा बनाई गई मनमोहक राखियों एवं हैंपर को अनुकरणीय पहल बताते हुए इसे सतत प्रोत्साहित करने की बात कही।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्षाबंधन के त्यौहार पर जिले में इंदी संकुल, वि.ख. नैनपुर में गोंडी चित्रकारी का काम कर रही 20 स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राखी हैंपर तैयार किया गया, जिसका ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से विक्रय किया गया। इस हैंपर को ग्राहकों द्वारा बहुत पसंद किया गया। इस अवसर पर सीएम फेलो सुप्रिया पाठक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

उद्यमी बनने की राह हुई आसान - शिवम

मंडला यशोः-प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्वरोजगारमूलक योजनाएँ संचालित कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सपना पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ने गरीब युवा शिवम यादव की उद्यमी बनाने की राह आसान कर दी है। मण्डला जिले के अन्तर्गत ग्राम कटंगी सेमरखापा निवासी शिवम यादव कहते हैं कि कक्षा 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के पश्चात रोजगार की तलाश कर रहा था। मेरे पास आय का कोई भी जरिया नहीं था, तब विचार किया कि स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहिए। शिवम ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिलने के बाद जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से संपूर्ण जानकारी लेकर मैंने ऑनलाईन माध्यम से इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया। शीघ्र ही मेरा प्रकरण स्वीकृत कर केनेरा बैंक मण्डला के माध्यम से मुझे 20 लाख रूपये का ऋण तथा विभागीय अनुदान 35 प्रतिशत की स्वीकृति उपरांत मैं राईस मिल का व्यवसाय शुरू किया और 15 लोगों को रोजगार भी दे रहा हूं। मैंने कभी सोचा था कि मेरा उद्योग होगा आज वह सपना पूरा हुआ और आगे बढ़ने के रास्ते खुले। मैं और मेरा परिवार अब खुश हैं तथा मध्यप्रदेश शासन को साधुवाद, जिनके सहयोग से मैं यहां तक पहुंचा। साथ ही उद्योग विभाग भी मेरी सफलता में भागीदार बना जिसके कारण मुझे नई राह मिली।

सिवनी जिले में हर्षोल्लास से मनाई जा रही कृष्ण जन्माष्टमी

सिवनी यशोः- सिवनी में कृष्ण जन्माष्टमी पर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। और तरह तरह से लोग श्रीकृष्ण की आराधना कर रहे हैं। जिसके चलते कृष्ण भगवान के मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। जहां लोग मंदिरो में विशेष पूजन अर्चन कर रहे हैं। वही सिवनी मु यालय सहित धनोरा, घंसौर, केवलारी, बरघाट, लखनादौन, कुरई और छपारा विकास खण्डो में भी गाजे बाजे के साथ कृष्ण भक्त शहर में निकले हैं। यह यात्रा सभी जगह कई अहम चौक चौराहा से गुजरते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंच रही है। जिसमें तरह-तरह की धार्मिक झांकियां बनाई गई हैं। जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। भगवान कृष्ण के जयकारों से जिला गुंजायेमान हो रहा है। कई जगह दो दिन पूर्व से ही

तैयारी की जा रही थी। मंदिरों के आसपास तोरण तथा अन्य साज-सज्जा की सामग्री से सजावट की गई है। वही कई जगह मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन हो रहा है। मठ मंदिर स्थित राधा कृष्ण मंदिर, दुर्गा चौक स्थित कृष्ण मंदिर, भैरोगंज स्थित मंदिर, कान्हीवाड़ा स्थित राधा कृष्ण मंदिर, धनोरा खैरमाई प्रांगण में स्थित राधा कृष्ण जी के मंदिर में लोग नारियल सहित कई तरह की प्रसाद सामग्री लेकर पहुंच रहे हैं। शाम को रैली समापन के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया है। वहीं रात्रि में भी धार्मिक कार्यक्रम किए जाएंगे।

मतदान केन्द्रों में आयोजित की गई चुनाव पाठशाला

मंडला। समस्त मतदान केन्द्र स्तर पर बूथ अव्यरनेस रूप के माध्यम से चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कुमट के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन विधानसभा एवं मतदान केन्द्र स्तर पर किया जा रहा है। इसी क्रम में 6 सित बर 2023 को मतदान केन्द्र स्तर पर बूथ अव्यरनेस रूप के माध्यम से चुनाव पाठशाला आयोजित की गई। पाठशाला में उपस्थित लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने तथा संशोधित कराने के संबंध में आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई। इस अवसर पर संबंधित बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन भी किया गया। साथ ही लोगों को लोकतंत्र में मतदान का महत्व बतलाते हुए नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

सहकारी समितियों के हड़ताली कर्मचारियों से मिले नरेन्द्र ठाकुर

सिवनी यशोः- प्रदेश सहकारी (पै स) समितियांके कर्मचारियों की लगभग 18 से 20 दिनों से चल रही लंबित मांगों के निराकरण को लेकर हड़ताल के पंडाल पर नरेन्द्र ठक्कुन ने पहुंचकर उनकी मांगो को सुना एवं मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक सहकारी समितियं के कर्मचारियों को मांग को वहां तक पहुंचाने का आश्वासन दिया और सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाएं का लाभ सहकारी समितियां के कर्मचारियों के द्वारा की जा रही हड़ताल के कारण योजना का लाभ सीधे किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है इस परेशानी को समझते हुए बुधवार को समिति के सभी पदाधिकारी से विस्तृत चर्चा की गई।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297